लाखों की नकदी व गहने चुराने वाली महिला आरोपी को किया गिरफ्तार

घर की नौकरानी ही निकली मुख्य आरोपी, बचने के लिए बनाई झूठी कहानी

➪ आरोपी महिला से चोरी की नकदी व गहने बरामद किए

जगमार्ग न्यूज

कुरुक्षेत्र। जिला पुलिस ने करीब सप्ताह पहले शाहबाद के घर से नकदी एवं गहने चोरी करने की महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने आरोपी महिला से चोरी की नकदी व गहने बरामद किए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 18 अप्रैल को नीरज गुप्ता निवासी शाहबाद ने बताया कि उसकी माँ काफी समय से बीमार हैं जिसके लिए उन्होंने बबियाल अम्बाला वासी महिला कमलेश को केयरटेकर रखा हुआ है । 18 अप्रैल को वह अपनी माता को ईलाज के लिए मोहाली लेकर गये थे। शाम को जब वापस आए तो उनकी केयरटेकर बाथरूम में बेहोश पड़ी मिली। घर के अंदर से रखी अलमारी में से 3/4 लाख रूपये व 10/15 तोला सोने के गहने अज्ञात चोर चोरी करके ले गया। जिसकी शिकायत पर थाना शाहबाद में मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा-2 को सौंपी गई।

अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल की अगुवाई में गठित टीम में शामिल उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार, सहायक उप निरीक्षक नवीन कुमार, महिला हवलदार सुरजीत कौर व मुख्य सिपाही जगदीप ने घर से चोरी करने के आरोप में बबियाल अम्बाला वासी महिला कमलेश को गिरफ्तार लिया।

यह बनाई थी कहानी

अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल ने बताया कि पर्दाफाश होने का अंदेशा भांपकर नौकरानी ने 18 तारीख को 2 युवकों के घर में घुसकर उससे मार-पिटाई करने व नशीला पदार्थ देकर उसे बेहोश करके बाथरूम में बंद करने की कहानी रची थी। चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस को घर की नौकरानी कमलेश ने बताया था कि वह पिछले 2 साल से इस घर में कार्य कर रही है। घर की मालकिन अपनी जांच करवाने के लिए फोटिज अस्पताल में गई थी। लगभग 1-30 बजे उसकी अपनी मालकिन से बात हुई थी। इसके बाद घर के बाहर दो युवक आए जिन्होंने कहा कि उन्हें छत पर टावर चैक करना है। नौकरानी ने मना कर दिया और घर के भीतर आने लगी। इसी बीच दोनों युवक भी उसके पीछे पीछे घर के अंदर आ गए और उसकी गर्दन पर वार करके उसे नीचे गिरा दिया और उसके मुंह में नशीला पदार्थ डाल दिया जिससे वह बेहोश हो गई। चोरों ने बाथरूम में डालकर नौकरानी को बंद कर दिया। इसके बाद चोरों ने पूरे घर को खंगाला और घर में रखी नकदी, सोने चांदी के जेवर चुराकर ले गए। उसने बताया कि उसके कपड़ों से उसके जेवर भी व उसका मोबाईल भी साथ ले गए।

किया बेहोशी का नाटक

अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में आरोपी कमलेश ने बताया कि पैसे व गहने चुराने के बाद उसे डर लगने लगा था कि अब वह पकड़ी जा सकती है। जिसपर आरोपी ने ड्रामा रचा और खुद ही अपने साथ मार-पिटाई करके नींद की गोलियां निगल कर बाथरूम में जाकर गिर पड़ी थी तथा बेहोशी का नाटक करने लगी थी। उसे मालकिन के फोन से पता चल गया था कि मालिक जल्दी घर पहुँचने वाले हैं ।

संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन लड़ रहा लड़ाई: गोयल

जगमार्ग न्यूज

कुरुक्षेत्र। आप पार्टी लीगल सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहरलाल गोयल ने कहा है कि देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन का गठन हुआ था। इंडिया गठबंधन ने पूरे देश के अंदर विभिन्न पार्टियों से तालमेल कर एक ऐसा मंच तैयार किया ताकि भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बाहर किया जा सके। उन्होंने कहा कि आज देश का लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। जिस तरीके से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बेवजह जेल में डाल दिया गया। जो इस बात का जीता जागता उदाहरण है कि भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। इसी दिशा में भारतीय जनता पार्टी काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आप पार्टी ने दिल्ली के अंदर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अगुवाई में ऐसे काम किया जो काम बरसों से नहीं हुए। दिल्ली के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाई गई। दिल्ली के स्कूल अच्छे किए गए। दिल्ली का चौमुखी विकास किया गया। जो भारतीय जनता पार्टी को पसंद नहीं आया। उन्होंने एक रणनीति के तहत दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल के अंदर डाल दिया ताकि लोकसभा चुनाव के दौरान केजरीवाल चुनाव प्रचार ना कर सके। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता यह बड़ी भूल कर रहे हैं ऐसा नहीं है अरविंद केजरीवाल की विचारधारा को लेकर आप पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता चुनावी महाभारत में डटा हुआ है और भारतीय जनता पार्टी को धूल चटाने के लिए दिन-रात लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि आप पार्टी देश की जनता की भले के लिए बनी है और अरविंद केजरीवाल की नीतियों से प्रभावित होकर आज देश की जनता लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को पूर्ण जोर समर्थन देने में लगी हुई है।

➪ कहा-संविधान को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन का गठन हुआ था

न्यूज डायरी

संदीप गर्ग ने युवाओं को दी क्रिकेट किट

लाडवा (जगमार्ग न्यूज)। शुक्रवार को स्टालवार्ट फांउडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने अनाजमंडी स्थित अपने कार्यालय में गांव खेड़ी दबदलान के युवाओं को क्रिकेट खेलने के लिए क्रिकेट किट भेंट की। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि यह बहुत ही अच्छी बात है कि गांव खेड़ी दबदलान के युवा खेलों की तरफ जा रहे हैं और यदि युवा खेलों में भाग लेंगे और खेल प्रतियोगिताओं में खेलेंगे तो एक न एक दिन जरूर कुछ हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि पहले भी उनके द्वारा खेलों को बढ़ावा देने हेतू कई गांवो में युवाओं को क्रिकेट किट वितरीत की गई है। युवाओं को नशे की ओर न जाकर बल्कि खेलों में भाग लेना चाहिए, तकि उनका स्वास्थ्य भी सही रह सकें। ग्रामीण युवा विशाल ने बताया कि पिछले काफी समय से उनको क्रिकेट किट की आवश्यकता थी जो संदीप गर्ग द्वारा पूरी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग हर इंसान की सहायता करते हैं। मौके पर कृष्ण सिंह, अनिल कमार, रवि कुमार, नवीन शर्मा, वीणा देवी आदि मौजूद थे।

स्कूल में लगाया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

लाडवा (जगमार्ग न्यूज)। के बी स्कॉलर्स स्कूल में भारत विकास परिषद के द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। निजी आंखों के अस्पताल के डॉक्टर्स की टीम ने बच्चों की आंखों की निशुल्क जांच की। शिविर में लगभग 260 बच्चों, 15 अध्यापकों, 12 नॉन टीचिंग स्टाफ और मौके पर उपस्थित कुछ अभिभावकों की आंखों की जांच की गई। जांच में बच्चों की आंखों से पानी आना, धुंधला दिखने और दूर से दिखाई ना देना आदि समस्याएं पाई गई। डॉक्टर्स ने बच्चों को आंखों की देखभाल करने के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को आंखों की देखभाल के लिए पौष्टिक आहार लेने तथा जंक फूड न खाने की सलाह दी। इस दौरान विद्यार्थियों को चश्मे के नंबर भी दिए गए। स्कूल के संचालक डॉक्टर एस सी जिंदल ने बताया कि विद्यार्थियों में मोबाइल के बढ़ते उपयोग के कारण उनकी आंखों पर लगातार प्रभाव बढ़ रहा है। उन्होंने बच्चों को संतुलित भोजन खाने और एक्सरसाइज करने की प्रेरणा दी। डॉक्टरों की टीम ने बच्चों को मोबाइल के कम इस्तेमाल की नसीहत दी। स्कूल की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा और मैनेजमेंट कमेटी ने बच्चों की सेहत को ध्यान में रखकर कैंप लगाया। परिषद के सचिव हेमंत कुमार सैनी ने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों में आंखों की देखभाल के प्रति जागरुकता लाने के लिए आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रिंसिपल रजनी शर्मा, परिषद के प्रधान नवनीत सिंगल व स्कूल के स्टाफ सदस्य व परिषद के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

बौद्धिक संपदा समझ विषय पर कार्यशाला आयोजित

लाडवा (जगमार्ग न्यूज)। इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज की कॉलेज लाइब्रेरी ने विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के अवसर पर बौद्धिक संपदा: समझ विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य बौद्धिक संपदा और इसके आसपास के नैतिक मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, साथ ही यह भी उजागर करना कि इसका व्यावसायिक विकास में कैसे योगदान हैं। कार्यशाला में कॉपीराइट, पेटेंट, ट्रेडमार्क और व्यापार रहस्य सहित बौद्धिक संपदा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। आकर्षक चर्चाओं और इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से, प्रतिभागियों ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के सम्मान के महत्व, शैक्षणिक और व्यावसायिक प्रयासों पर उनके प्रभाव के बारे में जानकारी प्राप्त की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कुशल पाल ने उद्घाटन भाषण के दौरान बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) मुद्दों की गंभीरता पर जोर देते हुए संकाय सदस्यों और छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने इन मुद्दों के संबंध में जागरूकता और सतर्कता की आवश्यकता पर बल दिया। वाणिज्य विभाग के प्रमुख डॉ. अशोक वर्मा और पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. रूपेश गौड़ ने कार्यशाला में संसाधन व्यक्ति के रूप में बौद्धिक संपदा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। रसायन विज्ञान के सहायक प्रोफेसर डॉ. अमित कुमार ने कार्यक्रम में मंच समन्वयक की भूमिका निभाई। कार्यशाला में डॉ. संदीप बंसल, डॉ. यशपाल सिंह, डॉ. नीति गोयल, डॉ. अमित वर्मा और अन्य सहित सम्मानित संकाय सदस्यों की सक्रिय भागीदारी देखी गई।

भाजपा के मंत्री हारे, अब दो मुख्यमंत्री हारेंगे और बुद्धिराजा विजयी होंगे: बवेजा

जगमार्ग न्यूज

कुरुक्षेत्र। राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में जहां भाजपा के मंत्री हारे वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव में दो मुख्यमंत्री हारेंगे। बवेजा ने कहा कि करनाल से मुख्यमंत्री नायब सैनी विधायक पद पर चुनाव लड़ रहे हैं और पंजाबी समुदाय से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल करनाल लोकसभा से सांसद पद का चुनाव लड़ रहे हैं। बवेजा ने कहा कि करनाल विधानसभा में सैनी समुदाय के वोटों की संख्या नाम मात्र है और गांवों में किसानों का दबदबा है। किसानों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री क्या-क्या कर चुके है उसका बदला किसान दोनों से वोट की चोट से लेंगे। वही पंजाबी समुदाय की बात करे तो पंजाबियों को क्या लाभ पहुंचाया या कभी उनकी कोई सुख दुख की बात सुनी हो, अपने करनाल कार्यालय में भी प्रदेश के दूसरे नगर के लोग बैठा रखे थे। नगरवासी अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे है। मौजूदा सांसद ने भी क्षेत्र की व लोगों की पांच वर्ष अनदेखी की जिसका परिणाम अब वर्तमान के मुख्यमंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री भुगतेंगे। नीलोखेड़ी से समालखा तक मौजूदा सांसद ने कोई भी जनहित के लिए काम नहीं किया।

➪ कहा-करनाल विधानसभा में सैनी समुदाय के वोटों की संख्या नाम मात्र

पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल ने पृथ्वी सिंह तुर्क के निधन पर जताया शोक

कुरुक्षेत्र (जगमार्ग न्यूज)। पूर्व मंत्री एवं उद्योगपति सावित्री जिंदल ने भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान के ससुर पृथ्वी सिंह तुर्क के निधन पर शोक व्यक्त किया है। शुक्रवार को पूर्व मंत्री एवं उद्योगपति सावित्री जिंदल उनके आवास पर पहुंची। उन्होंने स्वर्गीय पृथ्वी सिंह तुर्क के बेटे विद्या भारती के क्षेत्र प्रचार प्रमुख एवं हम फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय चौधरी, दामाद भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान सहित अन्य परिजनों के साथ दुख साझा किया और परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना भी की है। पूर्व मंत्री एवं उद्योगपति सावित्री जिंदल ने कहा कि पिता का साया एक पेड़ की तरह होता है, जिसकी छांव में पूरा परिवार रहता है।

सहजयोग ध्यान केंद्र ने स्कूल में आयोजित किया मेडिटेशन कार्यक्रम

जगमार्ग न्यूज

कुरुक्षेत्र। शुक्रवार को रॉयल आर्यन शिक्षा निकेतन स्कूल, कैलाश नगर में सहजयोग ध्यान केंद्र द्वारा सहजयोग की संस्थापिका परम पूज्य माताजी निर्मला देवी द्वारा सिखाये गए कुंडलिनी जागरण एवं आत्म साक्षात्कार का अनुभव करने का कार्यक्रम करवाया गया। प्रारम्भ में सहजयोग समन्वयक आशुतोष गौड़ ने मानव शरीर में भूतपूर्व काल की इड़ा नाड़ी, भविष्य काल की पिंगला नाड़ी और वर्तमान की सुषमना नाड़ी के बारे में अवगत कराया गया। नाडीयों की सफाई और इन पर विराजित देवी देवताओं के गुणों का वर्णन किया गया। साधक सुरेन्द्र नैरिया द्वारा सभी विद्यार्थियों को आत्म साक्षात्कार की अनुभूति करवाई गई। जिसमें विद्यार्थियों ने अपने आप को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ महसूस किया। साधक कविता द्वारा छात्रों लिए सहजयोग क्यों जरूरी है इस बारे में बताया गया। रॉयल आर्यन के प्रधानाचार्य राकेश गेरा ने सहजयोग ध्यान केंद्र से आई टीम का धन्यवाद किया।

➪ आत्म साक्षात्कार का अनुभव करने का कार्यक्रम करवाया गया

1 मई को लाडवा हलके से हजारों की संख्या में कार्यकर्त्ता पहुंचेंगे कुरूक्षेत्र: बड़शामी

बाबैन (जगमार्ग न्यूज)। बाबैन में इनेलो के कार्यकर्त्ताओं की एक बैठक व चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में लाडवा से पूर्व विधायक शेर सिंह बड़शामी ने रिबन काटकर व नारियल फोड़कर चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर भारी संख्या में इनेलो कार्यकर्त्ता मौजूद रहे। पूर्व विधायक शेर सिंह बड़शामी ने कार्यकर्त्ताओं की 1 मई को अभय सिंह चौटाला के नामाकंन पत्र में शामिल होने के लिए कार्यकर्त्ताओं की ड्यूटियां लगाई और बाबैन क्षेत्र के आस पास से आए लोगों को 1 मई को अधिक से अधिक संख्या में कुरूक्षेत्र के थीम पार्क में इकठा होने का निमंत्रण दिया। इस मौके पर इनेलो कार्यकर्त्ताओं में लोकसभा प्रत्याशी अभय सिंह चौटाला व पूर्व विधायक शेर सिंह बड़शामी के प्रति लोगों में भारी उत्साह दिखाई दिया। पूर्व विधायक शेर सिंह बड़शामी ने कार्यकर्त्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में इनेलो प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताकर इनेलो पार्टी का साथ दें।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व जल संरक्षण बारे किया जागरूक

लाडवा (जगमार्ग न्यूज)। स्वर्ग शक्ति नारी शक्ति सोसाइटी लाडवा के द्वारा लाडवा के प्रसिद्ध आठ दिवसीय माता बाला सुंदरी के मेले में पीने के पानी की स्टाल लगाकर इस गर्मी के मौसम में प्यास बुझाने का काम किया जा रहा है। समिति के प्रधान संजीव कुमार ने बताया कि उनकी संस्था पिछले 8 वर्षों से मेले में पीने के पानी की स्टाल लगाकर मेले में आए श्रद्धालुओं की प्यास बुझाने का काम कर रहे हैं। वहीं उन्होंने बताया कि इसके साथ-साथ वह लोगों को पीने के पानी की बचत करने बारे भी जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है। इसलिए इसे व्यर्थ ने बहाएं। उन्होंने कहा कि पानी की असली कीमत उन लोगों से पूछो जहां पीने के पानी की बड़ी किल्लत है। उन्होंने कहा कि धरती में पीने का पानी सीमित मात्रा में है।

कांग्रेस ओबीसी सेल के जिला महासचिव बने बलकार सिंह झिंवरहेडी

➪ ओबीसी सैल के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी ने सौंपा नियुक्ति पत्र

जगमार्ग न्यूज

कुरुक्षेत्र। कांग्रेस ओबीसी सैल में नई नियुक्ति कर प्रकोष्ठ सैल का विस्तार किया गया है। कांग्रेस ओबीसी सैल के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी ने बताया कि प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय यादव व प्रदेश अध्यक्ष रमेश सैनी से विचार विमर्श कर बलकार सिंह झिंवरहेड़ी को जिला महासचिव नियुक्त किया गया है। बलकार सिंह शाहबाद हलका के गांव झिंवरहेडी के रहने वाले हैं। उन्होंने बलकार सिंह को जिला महासचिव को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उम्मीद जाहिर की है कि बलकार सिंह ओबीसी सैल संगठन को मजबूती देने का काम करेंगे और अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को ओबीसी सैल के साथ जोड़ेंगे। ओबीसी सैल में जिला महासचिव नियुक्त होने पर बलकार सिंह झिंवरहेडी ने प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय यादव व प्रदेश अध्यक्ष रमेश सैनी व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सैनी का आभार जताया।

उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है वे उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाने का काम करेंगे। वे अधिक से अधिक लोगों को ओबीसी सैल के साथ जोडक़र संगठन को मजबूती देंगे। कांग्रेस की नीतियों का जन-जन तक प्रचार कर लोगों को कांग्रेस के साथ जोडऩे के लिए प्रेरित करेंगे।

इस मौके पर पंडित कर्मचंद भुस्थला, सुभाष सैनी, राजपाल, पालाराम सिंगपुरा, राजकुमार भिवानीखेड़ा, श्याम लाल, बलवंत सैनी, सतीश सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रसंघ के लिए सभी निदेशक निर्विरोध चुने गए, बोर्ड का हुआ गठन

जगमार्ग न्यूज

कुरुक्षेत्र। जिला कुरुक्षेत्र सहकारी श्रम एवं निर्माण प्रसंघ की प्रबंधकीय बोर्ड का गठन शुक्रवार को सर्वसम्मति से कर दिया गया। प्रसंघ के लिए सभी निदेशक निर्विरोध चुने गए। रिटर्निंग आफिसर एवं सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां प्रदीप चौहान ने बताया कि प्रसंघ के जोन 1 आरक्षित अनुसूचित जाति से राजेश कुमार, निवासी कैलाश नगर, कुरुक्षेत्र निर्विरोध चुने गए। जोन नं. 2 से सामान्य वर्ग से दीपक माजरा, निवासी थानेसर निर्विरोध निर्वाचित हुए। उन्होंने बताया कि जोन नं. 3 से सेक्टर 8 हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी जसविंद्र मांडे को सामान्य वर्ग से निर्विरोध चुना गया। प्रसंघ के जोन नं. 4 सामान्य वर्ग से नरेंद्र सिंह, निवासी घराड़सी निर्विरोध निर्वाचित हुए। उन्होंने बताया कि जोन नं. 5 सामान्य वर्ग से लक्ष्मण दास, निवासी खेड़ी शीशंगरां पिहोवा निर्विरोध निर्वाचित हुए। उन्होंने बताया कि जोन नं. 6 सामान्य वर्ग से अमित कुमार, निवासी बुढ़ा, लाडवा निर्विरोध चुने गए। जोन नं. 7 सामान्य वर्ग से रामकुमार निवासी खरींडवा निर्वाचित हुए। वहीं जोन नं. 8 सामान्य वर्ग से प्रवीण कौर निवासी खरींडवा निर्विरोध निर्वाचित चुनी गई। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को प्रसंघ की जिला प्रबंधकीय बोर्ड का गठन करने के लिए मतदान होना था। प्रसंघ के लिए निदेशक का चुनाव लडऩे वाले प्रत्याशियों ने सर्वसम्मति से निदेशक चुनने के लिए सहमति बनाई, जिसके बाद निर्वाचित हुए सभी निदेशकों के खिलाफ नामांकन करने वाले सभी प्रत्याशियों ने अपने नाम वापिस लिए। नाम वापिस लेने पर सभी निदेशक निर्विरोध चुन लिए गए।

➪ आरक्षित अनुसूचित जाति से राजेश कुमार निर्विरोध चुने गए

विद्यार्थियों ने जेईई मेन के परीक्षा परिणाम में रचा इतिहास

कुरुक्षेत्र (जगमार्ग न्यूज)। जेनेसिस क्लासेस कुरूक्षेत्र के विद्यार्थियों ने जेईई मेन के परीक्षा परिणाम में आज नया इतिहास रच डाला है। जेनेसिस कुरूक्षेत्र के 51 विद्यार्थियों ने जेईई मेन की परीक्षा दी थी। इनमे से 41 विद्यार्थियों ने जेनेसिस कुरूक्षेत्र द्वारा प्रदान की गई शिक्षा की बदौलत ही शानदार और यादगार परीक्षा परिणाम हासिल करते हुए जेईई मेन को क्वालीफाई किया। जेनेसिस क्लासेस कुरूक्षेत्र से अकैडमिक हैड विपिन बिश्नोई ने बताया कि जेनेसिस कुरूक्षेत्र में आने वाले विद्यार्थियों को एक तनावरहित माहोल के साथ शिक्षा और संस्कार प्रदान किए जाते हैं। जेईई मेन क्वालीफाई करने वाले 41 विद्यार्थियों में से 10 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक अंक हासिल कर अपने अभिभावकों और शिक्षकों का सर फक्र से ऊंचा कर दिया। उन्होंने बताया कि जेनेसिस कुरूक्षेत्र में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के हर डाउट्स को क्लियर करने के लिए शिक्षक प्रतिदिन 24 घंटे उनके साथ संपर्क में रहे। इन विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने जेनेसिस क्लासेस के संचालक जितेंद्र अहलावत और पूरी जेनेसिस टीम को इस परीक्षा परिणाम का श्रेय देते हुए कहा कि जेनेसिस की पूरी टीम के संयुक्त प्रयासों से ये परिणाम आए हैं।

गांव जुरासी खुर्द में आग से जले 40 एकड़ फाने, रीपर व ट्राली भी चढ़ी भेंट

➪ डायल 112 व फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया

जगमार्ग न्यूज

पिहोवा। गांव जुरासी खुर्द के नजदीक खेतों में आग लगने से लगभग 40 एकड़ के गेंहू के फाने जलकर स्वाहा हो गए। आग लगते ही आसपास के ग्रामीण पहुंच गए ओर तुरंत डायल 112 पुलिस व फायर ब्रिगेड को तुरंत सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाडियां मौके पर पहुंची ओर स्प्रे पंप के माध्यम से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। गांव के सरपंच राव वीरेंद्र ने बताया कि गत सायं तूड़ी बनाने के लिए स्ट्रा रीपर चल रहा था कि अचानक मशीन में तूड़ी के साथ कोई पत्थर चला गया ओर चिंगारी उठने से आग लग गई। आग लगते देख चालक ने ट्रैक्टर से ट्राली को अलग निकाल लिया। फायर ब्रिगेड कर्मचारी विनीत कुमार, शिव कुमार व रामकुमार सहित अनेक कर्मी ने कई गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर पानी के स्प्रे से आग पर काबू पाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन 40 एकड़ फाने जलने के साथ ट्राली जलने के साथ तूड़ी बनाने की स्ट्रा रीपर मशीन भी बुरी तरह से आग की भेंट चढ़ गई। प्रशासन व फायर ब्रिगेड विभाग द्वारा आग पर काबू पाने में मदद करने पर धन्यवाद जताया।

कार्रवाई 1200 ट्रामाडॉल कैप्सूल व 28 शीशी नशीली दवाओं के साथ एक को किया काबू

हरियाणा नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने नशा तस्करों पर कसा शिंकजा

➪ अभियान नशा मुक्त हरियाणा नशा मुक्त भारत के तहत की जा रही कार्रवाई

जगमार्ग न्यूज

1200 नशीले ट्रामाडॉल कैप्सूल वा 28 शीशीयां नशीली दवाओं के साथ एक को किया काबू।

कुरुक्षेत्र। हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह के नेतृत्व में एवं पुलिस अधीक्षक नितिका गहलोत के दिशा निर्देशों पर समूचे हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान नशा मुक्त हरियाणा नशा मुक्त भारत के तहत कार्रवाई करते हुए हरियाणा स्टेट नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट कुरूक्षेत्र ने एक नशा तस्कर को 1200 नशीले कैप्सूल ट्रामाडोल वा 28 शीशीयां कोडिविन व रिकोडल सहित बरामद करके गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। हरियाणा स्टेट नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट कुरुक्षेत्र उप पुलिस अधीक्षक राजकुमार व अनुसंधान अधिकारी पीएसआई नरेश बेरवाल को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि सतीश कुमार उर्फ बिट्टू गली नंबर 1 गांधी नगर थानेसर जो भारी मात्रा में नशीली दवाइयां बेचने का काम करता है और थोड़ी देर बाद पुराना बस स्टैंड की तरफ से रोटरी चौक से होते हुए अपने घर गांधीनगर गली नंबर 1 में जाएगा, जिसके पास भारी मात्रा में नशीली दवाइयां है। सूचना पाकर पीएसआई नरेश बेरवाल व उसकी टीम ने कार्यवाई करते हुए रविदास चौक पर नाकाबंदी शुरू की।

मौके पर उप पुलिस अधीक्षक (कुरुक्षेत्र) अशोक कुमार की मौजूदगी में तलाशी लेने पर 50 पत्ते कैप्सूल ट्रामाडोल जो प्रत्येक पते में 24 कैप्सूल है, जो कुल 1200 कैप्सूल बरामद हुए और 28 शीशीया कोडविन वा रिकॉडल 100 रूरु की बरामद हुई। जिसके संबंध में थाना कृष्णा गेट में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया।

आरोपी सतीश कुमार उर्फ बिट्टू को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मुख्य सप्लायर के बारे में पता लगाकर मुख्य सप्लायर से गहनता से पूछताछ करके आगामी अनुसंधान किया जाएगा।

बेफ्रिक होकर दें सूचना...

उन्होंने कहा है कि अगर आपको कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई दे तो एचएनसीबी के टॉल फ्री न0 90508-91508 पर बेफिक्र होकर सूचना दें, ताकि नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा जा सकें।

आमजन की आवाज को दबाने के लिए ईडी, सीआईडी का हो रहा दुरुपयोग :गुप्ता

जगमार्ग न्यूज

➪ कहा-भाजपा खुद को समझती है संविधान से ऊपर

पिहोवा। निजी पैलेस में कुरुक्षेत्र लोकसभा प्रत्याशी सुशील गुप्ता के प्रतिनिधि बजरंग गुप्ता की अध्यक्षता में इंडिया गठबंधन आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के नेताओं ने पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। वार्ता के दौरान बजरंग गुप्ता ने बताया कि भाजपा सरकार खुद को देश के संविधान से ऊपर समझकर दमनकारी नीतियों से कार्य कर रही है। आमजन की आवाज को दबाने के लिए ईडी, सीआईडी आदि एजेंसियों का दुरुपयोग करके जेलों में भेज रही है, ताकि कोई भी इनके खिलाफ देशहित में आवाज ना उठा सके। उन्होंने कहा कि एमएसपी को लेकर अब तक कितने आंदोलन हो रहे हैं,किसान शहादतें दे चुके हैं। लेकिन सरकार द्वारा हां करने के बावजूद एमएसपी मुद्दे पर मुकर गई। उन्होंने कहा कि एसवाईएल का मुद्दा केंद्र सरकार का होता है,लेकिन भाजपा सरकार इसे प्रदेशों का मसला बताकर आपस मे लड़वाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में केंद्र की सत्ता की बागडोर संभालने के बाद एसवाईएल का मुद्दा प्रमुखता से सुलझा दिया जाएगा। इंडिया गठबंधन के घोषणा पत्र अनुसार एमएसपी की गारंटी दी जाएगी।